एक नजर में

## मंत्री सिलावट ने स्वीकृत की एक लाख की सहयोग राशि



**इंदौर.** बिजासन रोड स्थित अविनाशी अखंड धाम आश्रम द्वारा गोमटगिरी के पीछे स्थित ग्राम जम्बूडी हप्सी में संचालित गौशाला के जीर्णोद्धार एवं मंदिर के निर्माण हेतु रविवार 12 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट, समाजसेवी विष्णु बिंदल, टीकमचंद गर्ग, जगदीश बाबाश्री एवं राजेश पंवार के आतिथ्य में गौशाला परिसर में आवश्यक बैठक रखी गई है. गौशाला के लिए मंत्री तुलसी सिलावट ने एक लाख रुपए की सहयोग राशि भेंट कर गौशाला में नलकूप खनन की स्वीकृति प्रदान की है. आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. चेतन स्वरुप, स्वामी राजानंद एवं व्यवस्था प्रभारी हरि अग्रवाल ने बताया कि जम्बूडी में मंदिर निर्माण एवं गौशाला विस्तार का कार्य जारी है. मंदिर के तीनों शिखर के साथ प्लास्टर का कार्य हो चुका है. अब फ्लोरिंग, मूर्ति स्थापना, प्राण प्रतिष्ठा और गौशाला के विस्तारीकरण सहित कुछ ही कार्य शेष हैं. रविवार को होने वाली बैठक में गौशाला एवं मंदिर के अवलोकन तथा बाकि रहे कामों की समीक्षा पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएँगे. इस प्रस्तावित मंदिर में भगवान राधा गोविन्द, शिव परिवार एवं हनुमानजी की प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी. आश्रम से जुड़े भक्त मंडल के पं. योगेन्द्र महंत, नारायण अग्रवाल 420 पापड़वाले, ज्योति प्रतीक श्रीवास्तव, किशोर गोयल एवं अशोक गोयल ने भी गौशाला एवं मंदिर के लिए सहयोग देने का संकल्प व्यक्त किया है. दोनों निर्माण कार्य तेज गति से जारी हैं. इस बीच जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट के प्रतिनिधि अशोक गोयल की अनुशंसा पर गौशाला में नलकूप खनन के लिए एक लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है. इसका संकल्प पत्र मंत्री सिलावट ने महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी चेतन स्वरुप को सौंप दिया है.

## उपचार को सरल बना रही मिसो रोबॉटिक तकनीक



**इंदौर.** मिसो रोबोट तकनीक सर्जरी के परिणामों को बेहतर बनाने के साथ-साथ मरीजों के उपचार को सरल बना रही है. इस रोबोटिक प्रणाली से की गई सर्जरी में अत्यधिक सटीकता हासिल होती है, जिससे हड्डियों की कम से कम कटिंग होती है और आसपास के टिश्यूज़ को कम नुकसान पहुँचता है. यही कारण है कि मरीजों की रिकवरी तेज़ी से होती है. इस तकनीक से दर्द में कमी आती है और जटिलताओं का जोखिम काफी हद तक घट जाता है. यह बात यूनिक हॉस्पिटल के रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट विशेषज्ञ डॉ. कृष्णकांत नीमा ने कही. उन्होंने बताया कि मिसो रोबोटिक प्रणाली, सर्जन्स को पूर्व-संचालन योजना, रियल-टाइम प्रतिक्रिया और सटीक जॉइंट प्लेसमेंट में मदद करती है. यूनिक हॉस्पिटल के डायरेक्टर, रोबॉटिक जॉइन्ट रिप्लेसमेन्ट सर्जन डॉ. प्रमोद पी. नीमा ने कहा जैसे-जैसे हमारे आस-पास जनसंख्या बढ़ती जा रही है, उम्र से जुड़ी बीमारियों, खास तौर पर जोड़ों के स्वास्थ्य और गतिशीलता को प्रभावित करने वाली बीमारियां बढ़ रही हैं. यूनिक हॉस्पिटल ने आर्थोपेडिक जॉइन्ट रिप्लेसमेन्ट के लिए अत्याधुनिक मिसो रोबॉटिक प्रणाली की शुरुआत की है. तीन महीने में अब तक 20 मरीजों में घुटने की रिप्लेसमेंट सर्जरी को अधिक सटीक और प्रभावी बना चुकी है, जिससे शत - प्रतिशत मरीजों को बेहतर परिणाम मिले हैं.

## सेन महाराज की जयंती पर निकलेगी शोभायात्रा



**इंदौर.** केंद्रीय समिति सेन समाज इंदौर द्वारा संत शिरोमणि सेन जी महाराज की 726 वीं जन्म जयंती पर 14 अप्रैल मंगलवार को भव्य सेन एकता शोभायात्रा निकलेगी। जिसमे नशा मुक्ति सहित अन्य संदेश भी दिए जाएंगे। सेन महाराज रथ पर सवार होकर निकलेंगे. समाज जनों को यात्रा में आने के लिए पीले चावल देकर निमंत्रण दिए जा रहे हैं. समाज अध्यक्ष निलेश सेन शैलू और कार्यकारी अध्यक्ष संदीप श्रीवास ने बताया कि सेन महाराज की जयंती पर सेवा पखवाडा मनाया जा रहा है, कई सेवा कार्य किए जा रहे है. जयंती के अवसर पर 14 अप्रैल को दशहरा मैदान से भव्य शोभायात्रा शाम 6 बजे निकलेगी, जिसमे सेन महाराज लाव-लश्कर के साथ दर्शन देने निकलेंगे. शोभायात्रा दशहरा मैदान से शुरू होकर अन्नपूर्णा मंदिर से होते हुए विभिन्न मार्गों से गोपुर चौराहा स्थित सेन प्रतिमा पहुंचेगी. सेन प्रतिमा पर महाआरती की जाएगी, प्रतिमा स्थल को फूल बंगले से सजाया जाएगा. शोभा यात्रा में सेन महाराज के जीवन पर आधारित और नशा मुक्ति, स्वच्छता सहित कई झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी.

## फूड फेस्टिवल में मिलेगा पंजाब का पारंपरिक स्वाद



**इंदौर.** खाने के शौकीनों के लिए द पार्क इंदौर एक खास मौका लेकर आया है 'पिंड टू प्लेट' पंजाबी फूड फेस्टिवल 19 अप्रैल तक एपिसेंटर में आयोजित किया जा रहा है. यह फेस्टिवल हर दिन शाम 7 बजे से शुरू होगा, जहां मेहमानों को पंजाब के पारंपरिक और लजीज व्यंजनों का भरपूर अनुभव मिल रहा है. इस आयोजन का उद्देश्य लोगों को पंजाब की असली मिट्टी, संस्कृति और स्वाद से रूबरू कराना है, जहां हर डिश में देसी तड़का और घर जैसा स्वाद महसूस होगा. एग्जीक्यूटिव शेफ संतोष यादव ने कहा, यह फेस्टिवल सिर्फ खाने तक सीमित नहीं है बल्कि यह पंजाब की असली आत्मा को प्लेट पर परोसने की एक कोशिश है. हमने मेन्यू को इस तरह डिजाइन किया है कि हर डिश में पारंपरिक स्वाद और ऑथेंटिसिटी बरकरार रहे, जिससे मेहमानों को घर जैसा अनुभव मिल सके. फेस्टिवल में स्मोकी तंदूर से लेकर रिच और कंफर्टिंग करी तक, पंजाबी खानपान की पूरी झलक देखने को मिलेगी. अंबाल, चिकर छोले, झाल चक्रियां दाल, मीठे चावल पुलाव, कालीमिर्च सोया चाप सहित खास पंजाबी फ्लेवर वाली डिशेज इस फूड फेस्टिवल की खास पहचान रहेंगी. फूड एंड बेवरेज डायरेक्टर सुदीप कांजीलाल ने कहा पिंड टू प्लेट के जरिए हम मेहमानों को पंजाब की गर्मजोशी, मेहमाननवाजी और जीवंतता का अनुभव कराना चाहते हैं।

## लायंस क्लब इंदौर सिटी में रिंकी चुग अध्यक्ष



**इंदौर.** लायंस क्लब इंदौर सिटी की सभा में वर्ष 2026-27 के लिए लायन रिंकी जयसिंघानी चुग को क्लब अध्यक्ष, के पद पर सर्वानुमति से मनोनीत किया. यह जानकारी सिटी क्लब के वरिष्ठ सदस्य लायन दिनेश कुमार रणधर ने प्रेषित दी.

# सुरक्षा उपकरण नहीं लगाने पर कई प्रतिष्ठान सील

- शहर में फायर सेफ्टी को लेकर प्रशासन की कार्रवाई



नव भारत न्यूज

**इंदौर.** शनिवार को प्रशासन और नगर निगम ने भंवरकुआ क्षेत्र में अग्नि सुरक्षा को लेकर कई प्रतिष्ठान सील करने की कार्रवाई की. सील किए गए संस्थानों में अग्नि सुरक्षा के प्रबंध नहीं पाए गए थे. नगर निगम और प्रशासन द्वारा फायर सेफ्टी के उपकरण लगाने के नोटिस दिए गए, लेकिन सुरक्षा उपकरण नहीं लगाए गए थे.

कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर प्रशासन एवं नगर निगम के दल ने आज भी अग्नि सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने पर कार्रवाई की. अग्नि सुरक्षा व्यवस्था और नियमों का पालन नहीं करने वाले व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को सील किया गया. आज प्रशासन और नगर निगम द्वारा निरीक्षण के दौरान जेएमसी होटल, सम्राट अशोक नगर, प्लॉट क्रमांक 2, 10, 11 स्थित विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की दुकानें,



शोरूम, जिम एवं लाइब्रेरी में अग्नि सुरक्षा के प्रबंध नहीं किया गए थे, जिनको सील कर दिया गया. कार्रवाई के दौरान जूनी इंदौर एसडीएम घनश्याम धनगर, तहसीलदार राकेश सस्तिया, कमलेश कुशवाह, नायब तहसीलदार श्री डीपी सोनी, फायर ऑफिसर विनोद मिश्रा एवं बीओ आनंद रैदास सहित बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे.

**जारी रहेगी कार्रवाई:** कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा कि फायर सेफ्टी नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# अवैध ज्वलनशील भंडारण पर बड़ी कार्रवाई



- लाखों का केमिकल जब्त, एफआईआर दर्ज

**इंदौर.** जिले में अवैध रूप से ज्वलनशील पेट्रोलियम उत्पादों के भंडारण और बिक्री पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है. मल्हारगंज तहसील के ग्राम टिगरिया बादशाह में दबिश देकर अवैध कारोबार का खुलासा किया गया. कार्रवाई के दौरान खातीवाला टैंक निवासी अब्दुल कादिर कुक्षीवाला द्वारा बिना किसी वैधानिक अनुमति के पेट्रोलियम उत्पादों का भंडारण और विक्रय किया जा रहा था. मौके से भारी मात्रा में ज्वलनशील सामग्री जब्त की गई, जिसमें 3000 लीटर एमटीओ, 1200 लीटर तारपीन और 11,500 लीटर सॉफ्ट थिनर शामिल है. जब्त सामग्री की कुल अनुमानित कीमत लगभग 7 लाख 17 हजार 600 रुपये बताई गई है. सहायक आपूर्ति अधिकारी अविनाश जैन ने बाणगंगा थाना में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत प्रकरण दर्ज कराया है.

# रणजीत हनुमान मंदिर पर 'जल मित्र' प्याऊ का शुभारंभ



**इंदौर.** भीषण गर्मी की शुरुआत को देखते हुए गोल्ड कॉईन सेवा ट्रस्ट ने रणजीत हनुमान मंदिर के बाहर जल मित्र प्याऊ की स्थापना कर आम लोगों के साथ ही मूक पशु-पक्षियों की सेवा का अनूठा संकल्प किया है.

महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं रणजीत हनुमान मंदिर के पुजारी पं. दीपेश व्यास ने इस प्याऊ का विधिवत शुभारंभ करते हुए इस सेवा कार्य की मुक्त कंठ प्रशंसा की। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी संजय अग्रवाल एवं संदीप नागर भी विशेष रूप से उपस्थित थे जिन्होंने नागरिकों को शीतल पेय जल पिलाकर इस सेवा कार्य की शुरुआत की. इस प्रकल्प में संस्था संघ मित्र के पारस सोनगरा, प्रफुल्ल मंत्री, सत्यनारायण राठी एवं अनिल भाई का विशेष योगदान रहा. महापौर प्रतिनिधि और भाजपा के नगर उपाध्यक्ष भारत पारख को इस सेवा कार्य के विस्तार की जिम्मेदारी सौंपी गई है. ट्रस्ट के प्रमुख संजय अग्रवाल ने बताया कि प्याऊ के माध्यम से ट्रस्ट ने इंसानों के लिए स्वच्छ एवं शीतल पेयजल की सेवा के साथ ही जीवदया का सन्देश देने के लिए सकोरा अभियान भी शुरू करने का निश्चय किया है. इसके लिए दशरथ सेवा आश्रम चाणक्यपुरी के माध्यम से सैकड़ों जल पात्र तैयार किए गए हैं जो भीषण गर्मी के दौरान हर प्यासे कंठ को तृप्ति प्रदान करेंगे.

# कार्यक्रमों में वंदे मातरम् गाकर राष्ट्र विरोधियों को सबक सिखाएं

- भाजपा कार्यालय पर सामाजिक संगठनों की बैठक सम्पन्न
- शहर के 150 से अधिक संगठन करेंगे वंदे मातरम का सामूहिक गान



**इंदौर.** शनिवार को भाजपा कार्यालय पर नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, नगर प्रभारी राजेश सोलंकी, गोपीकृष्ण नेमा, प्रदेश सहमीडिया प्रभारी आलोक दुबे, महेश कुकरेजा, कैलाश पिपले की उपस्थिति में सामाजिक, व्यापारिक संगठनों की बैठक सम्पन्न हुई.

बैठक में नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा कि वंदे मातरम की 150 वीं जयंती वर्ष पर कॉंग्रेस की दो पार्षदों ने भारत माता की स्तुति के गीत राष्ट्रगीत वंदे मातरम् का अपमान किया. लेकिन कांग्रेस तुष्टीकरण की नीति के चलते वंदे मातरम् का अपमान करने वाली दोनों पार्षदों को पार्टी से निष्कासित नहीं कर रही है. वंदे मातरम हमारी राष्ट्र भक्ति का परिचायक है. वंदे मातरम इस देश की आत्मा है, इसे किसी धर्म से जोड़कर एक तरह से कांग्रेस पाप कर रही है. देवी अहिल्या की नगरी आयोजनों की नगरी है, विभिन्न समाजों और संगठनों द्वारा कोई न कोई आयोजन और कार्यक्रम किए जाता है. उन कार्यक्रमों में राष्ट्र गीत वंदे मातरम की शुरूआत करें क्योंकि अहिल्या माँ की नगरी में राष्ट्र गीत वंदे मातरम का अपमान हुआ है. सभी समाज अपने अपने सामाजिक, व्यापारिक, खेल आयोजनों में वंदे मातरम का सामुहिक गान कर इन राष्ट्र विरोधियों को सबक सिखाएं. इस अवसर पर नगर उपाध्यक्ष हरप्रीत सिंह बक्शी, राकेश शर्मा, वासुदेव पाटीदार, भूपेंद्र केसरी, भारत पारख, गौतम शर्मा, दीपेन्द्र सिंह सोलंकी, दीप्ति हाडा, कंचन गिदवानी, नेहा शर्मा, सचिन बंसल, विशाल यादव, वरुण पाल, रितेश शर्मा, दीपांश खण्डेलवाल, राजा कोठारी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे.

### घरों से करेंगे शुरूआत

इस अवसर पर प्रमोद टंडन ने कहा कि मातृभूमि का सर्वोच्च स्थान है. श्वेतांबर जैन समाज के जिनेश्वर जैन ने कहा कि मुख से जब वंदे मातरम निकालता है तो गौरवांवित महसूस करते हैं. हरीश नागर ने कहा हमारे समाजों के कार्यक्रमों की शुरूआात वंदे मातरम से होगी. प्रकाशचंद जैन भटेवरा ने कहा कि हम अपनी फैक्ट्रियों में नियमित वंदे मातरम का गान करवाएंगे. भारत विकास परिषद के मनीष बिसानी हमारी जितनी भी शाखा देशभर में है, उन सब में वंदे मातरम का गान होगा. धानुक समाज राजेश परिहार ने कहा कि 14 अप्रैल को सेवालाल की जयंती पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम का प्रारंभ वंदे मातरम से करेंगे. वाल्मीकि समाज के विवेक करोसिया ने कहा कि हमारा शहर जिस तरह स्वच्छता के साथ साथ हर कार्य में नंबर वन है, उसी तरह वंदे मातरम में भी नंबर वन बने. जायसवाल समाज की आरती जायसवाल ने कहा की वंदे मातरम की शुरूआत हम अपने घरों से करेंगे.

# विशेष बच्चों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

- रोटरी क्लब इंदौर यूनाइटेड की प्रेरणादायक पहल
- राइला- आशा भरी उड़ान का सफल आयोजन



नव भारत न्यूज

**इंदौर. रोटरी क्लब इंदौर यूनाइटेड द्वारा आयोजित 'राइला: आशा भरी उड़ान' कार्यक्रम प्रेरणादायक एवं हृदयस्पर्शी वातावरण में संपन्न हुआ. यह सेवा प्रकल्प स्वर्गीय रोटेरियन रेबा माँ मजूमदार की पावन स्मृति को समर्पित था, जिनकी सेवा, संवेदना और समर्पण आज भी सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है.**

कार्यक्रम में पूर्व जिला गवर्नर रोटेरियन अनिश मलिक के मार्गदर्शन एवं उपस्थिति ने आयोजन को विशेष दिशा प्रदान की. मुख्य अतिथि जिला गवर्नर रोटेरियन सुशील मल्होत्रा, विशिष्ट अतिथि नामित जिला गवर्नर सुखदेव सिंह घुम्मन एवं सहायक गवर्नर विनोद अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही. कार्यक्रम में रोटेरियन दिलीप (दादा) मजूमदार ने अपनी माता की स्मृति में दो लाख रुपए रोटरी फाउंडेशन में देने की घोषणा की. साथ ही नामित जिला गवर्नर सुखदेव सिंह घुम्मन ने प्रत्येक विशेष बच्चे के लिए 5100 प्रतिमाह आजीवन सहयोग देने का संकल्प लिया. कार्यक्रम के अंतर्गत प्रेरणादायक सत्र, गायन, नृत्य, चित्रकला, खेल एवं विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें विशेष बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया.

### अभिभावकों को दिया परामर्श

इस सेवा प्रकल्प के अंतर्गत विशेष बच्चों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों डॉ. नमिता शुक्ला, डॉ. चिराग यशलाहा, डॉ. जूही कश्यप एवं डॉ. माया बोहरा ने सेवाएं प्रदान कर बच्चों एवं अभिभावकों को आवश्यक परामर्श दिया. अनुभूति सेवा संस्थान की चंचल मैडम एवं उनकी टीम का विशेष सहयोग सराहनीय रहा. साथ ही रोटरी क्लब इंदौर रॉयल का भी आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान रहा. कार्यक्रम में शुभ्रों मजूमदार, एसीपी ट्रैफिक रो. लाल बहादुर बौद्ध, रोटेरियन मनोज कोठारी, रोहित नीमा, राजीव सिंह, अनिल साबू, सीमा मलिक, रोटरैक्टर सिद्धांत मलिक, हरनीश मलिक, आदर्श मलिक, उमेश शर्मा, विराट मेहता, यती अरोड़ा, आभा आनंद, सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही. विशेष सहयोग रोहित नीमा और पंकज छाबड़िया का रहा.

# केट रोड पर युवक की पत्थर मारकर हत्या, साथियों पर शक

**इंदौर.** राजेंद्र नगर क्षेत्र में शनिवार रात एक युवक की सिर पर पत्थर से वार कर हत्या कर दी गई. घायल हालत में मिले युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई. मामले में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज जांच शुरु की. एसीपी निधि सक्सेना केट रोड स्थित कुंदन नगर शराब दुकान के पास मैदान में करीब 20 वर्षीय युवक गंभीर हालत में पड़ा मिला. सूचना पर एफआरवी 112 की टीम मौके पर पहुंची और उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर एमवाय अस्पताल रेफर किया था. जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई. खबर लिखे जाने तक मृतक की पहचान अभी नहीं हो सकी थी. प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि युवक अपने साथियों के साथ मैदान में शराब पी रहा था. इसी दौरान विवाद हुआ और साथियों ने उसके सिर पर पत्थर से हमला कर दिया. वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए. पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और आरोपियों की तलाश में जुटी है.

## युवक की संदिग्ध हालत में मौत, बीमारी बनी वजह

**इंदौर.** बेटमा क्षेत्र के पीथमपुर में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। प्राथमिक तौर पर मौत का कारण बीमारी बताया जा रहा है, हालांकि पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक 45 वर्षीय प्रवीण कुमार निवासी महोबा (उप्र) हाल मुकाम जीवन ज्योति कॉलोनी, पीथमपुर में रह रहा था। 29 जनवरी की सुबह करीब 9 बजे उसकी तबीयत बिगड़ी थी। उसे इलाज के लिए सीएचसी पीथमपुर ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। डॉक्टरों ने प्रारंभिक तौर पर अज्ञात बीमारी को मौत का कारण बताया है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के सही कारण का खुलासा हो सकेगा।

# समाज की संगठित शक्ति कर सकती है चमत्कार

- माहेश्वरी समाज के व्यापार महोत्सव का शुभारंभ



**इंदौर. ट्रेड फेयर का आयोजन एक बड़ी उपलब्धि है लेकिन समाज को नए युवाओं के लिए ब्रांडिंग, मार्केटिंग का प्लेटफॉर्म बनाना होगा जहां हमारे युवा, महिलाएं अपने हुनर और व्यापार को आगे बढ़ा सके. व्यापार और उद्योग को जातिगत पैरामीटर में बांधने से व्यापार नहीं बढ़ सकता.**

माहेश्वरी समाज के युवाओं के केंद्र सरकार की योजनाओं से लाभ लेना चाहिए. यह विचार अ भा माहेश्वरी महासभा के सभापति संदीप काबरा ने माहेश्वरी समाज इंदौर जिला द्वारा ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर पर आयोजित व्यापार महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए व्यक्त किए. विशेष अतिथि के रूप में रिलायंस इंडस्ट्रीज के वायस चेयरमेन मुकेश चेचानी ने कहा कि समाज में प्रतिभाओं की कमी नहीं है. आवश्यकता है उनको निखारकर अवसर प्रदान करने की। सामाजिक मंचों से यह काम बेहद अच्छी तरह हो सकता है. इस अवसर पर विधायक मालिनी गौड़ ने कहा कि यह समाज हमेशा सेवा का काम करने में अग्रणी रहता है. शुरूआत में समाज के अध्यक्ष डॉ सत्यनारायण मंत्री पप्पू ने आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि समाज की संगठित शक्ति चमत्कार भी कर सकती है, यह इस आयोजन ने सिद्ध कर दिया.

### आयोजन मील का पत्थर साबित होगा

आयोजन समिति के चेयरमेन अखिलेश राठी ने कहा यह आयोजन माहेश्वरी समाज में मील का पत्थर साबित होगा और बड़ी संख्या में युवा समाज से जुड़ेंगे. इस अवसर पर उपसभापति विजय राठी व राजीव मुछाल ने भी संबोधित किया. भगवान महेश को माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर इस भव्य आयोजन का शुभारम्भ संदीप काबरा, विजय राठी, मुकेश चेचानी, डॉ सत्यनारायण मंत्री, मुकेश असावा, कुणाल मुछाल, राम मूंदड़ा, रचित माहेश्वरी, नीलेश राठी, विष्णु जाजू, सुनील न्याती आदि ने किया. संचालन युवा प्रथम मंत्री और सार्थक गुप्ता ने किया तथा आभार समाज के मंत्री मुकेश असावा ने किया.

एक नजर में | 'कला के रंग' प्रदर्शनी में बिखरे रचनात्मकता के अद्भुत रंग

# 61 कलाकारों ने दिखाई अपनी प्रतिभा



**इंदौर. विश्व कला दिवस के मौके पर शहर की कलात्मक फिजाओं में एक नई चमक देखने को मिली. क्रिएट स्टोरीज सोशल वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में कैनरीज आर्ट गैलरी में दो दिनी 'कला के रंग' आर्ट एग्जिबिशन का आयोजन किया गया.**

इस प्रदर्शनी ने न केवल अनुभवी कलाकारों को मंच प्रदान किया, बल्कि नन्हे हाथों की रचनात्मकता को भी पंख दिए. उद्घाटन शहर की फॉरेस्ट रेंज ऑफिसर संगीता ठाकुर ने किया है. प्रदर्शनी के क्यूरेटर दीपक शर्मा ने कहा यह प्रदर्शनी केवल चित्रों का संग्रह नहीं है, बल्कि यह इंसानी भावनाओं, भक्ति और समाज के प्रति हमारी दृष्टि का प्रतिबिंब है. जानकारी साझा करते हुए उन्होंने बताया कि इस प्रदर्शनी की सबसे बड़ी विशेषता इसकी विविधता है. प्रदर्शनी में 6 साल के बच्चों से लेकर 65 वर्ष तक के वरिष्ठ कलाकारों के 104 आर्ट वर्क प्रदर्शित किए गए, जिनमें हर आयु वर्ग की एक अलग सोच और परिपक्वता नजर आई. कहा जाता है कि एक कलाकृति हजार शब्दों के बराबर होती है. यह किसी भी कहानी को बयां करने का सबसे सरल और प्रभावशाली तरीका है. प्रदर्शनी में कला के लगभग हर रूप को जगह दी गई जैसे फोक आर्ट, मंडला आर्ट, मॉडर्न आर्ट, एब्सट्रेक्ट, मॉडर्न फिगरेटिव और रियलिस्टिक पेंटिंग्स. ऑयल पेंटिंग, एक्रेलिक, वाटर कलर, पेंसिल स्केच, चारकोल, डॉट पेंटिंग, क्ले वर्क, थ्रेड आर्ट, रेजिन आदि. इस प्रदर्शनी में प्रतिभावान कलाकारों ने अपने मन के भावों को रंगों के जरिए कैनवास पर उतारा.

### आर्ट सेलिंग पर वर्कशॉप आज

प्रदर्शनी रविवार को सुबह 11 .30 से शाम 7 बजे तक सभी के लिए नि:शुल्क खुली है। एक बजे से कलाकारों के लिए आर्ट सेलिंग पर वर्कशॉप मैनेजमेंट प्रोफेसर डॉ अजित उपाध्याय लेंगे, आर्ट कंपटीशन भी आयोजित होगा।